दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, मंगलवार 23 अप्रैल 2019
www.nyaysakshi.com



# 7 लोकसभा सीट के लिए 123 प्रत्याशी मैदान में




रायपुर। लोकसभा निर्वाचन-2019 के अंतर्गत तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ के सात लोकसभा सीट के लिए 23 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। तीसरे चरण में कुल 123 प्रत्याशी मैदान में है, वहीं कुल एक करोड़ 27 लाख 13 हजार 816 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें रायपुर लोकसभा के 21 लाख 11 हजार 104, बिलासपुर के 18 लाख 75 हजार 904, रायगढ़ के 17 लाख 31 हजार 655, कोरबा के 15 लाख सात हजार 779, जांजगीर-चांपा के 18 लाख 95 हजार 232, दुर्ग के 19 लाख 38 हजार 319 एवं सरगुजा लोकसभा के 16 लाख 53 हजार 283 मतदाता शामिल हैं।तीसरे चरण के लिए कुल 15408 मतदान केन्द्र बनाए गए तीसरे चरण में सभी लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के लिए कुल 15 हजार 408 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें क्रमशः रायपुर में 2343, बिलासपुर में 2221, रायगढ़ में 2327, कोरबा में 2008, जांजगीर-चांपा में 2173, दुर्ग में 2183 एवं सरगुजा में 2153 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

### रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या

रायगढ़ में पुरूष मतदाताओं की संख्या आठ लाख 63 हजार 319 है। इनमें 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 25 हजार 848 है। वहीं 20 से 29 वर्ष के पुरूष मतदाता दो लाख 55 हजार 942, तीस से 39 आयु वर्ग वाले दो लाख 25 हजार 812, चालीस से 49 आयु वर्ग वाले एक लाख 56 हजार 459, पचास से 59 आयु वर्ग वाले एक लाख 12 हजार 694, साठ से 69 आयु वर्ग वाले 58 हजार 856, सत्तर से 79 आयु वर्ग वाले 22 हजार 532, अस्सी से 100 आयु वर्ग वाले पांच हजार 124 तथा 100 वर्ष से अधिक उम्र वाले 52 पुरूष मतदाता हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हाथी प्रभावित क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में प्रेक्षक ने देखी व्यवस्थाएं

कोरबा। कोरबा संसदीय क्षेत्र की चार विधानसभाओं के लिए नियुक्त किये गये सामान्य प्रेक्षक जितेन्द्र कुमार उपाध्याय आज रामपुर विधानसभा के हाथी प्रभावित क्षेत्रों के मतदान केंद्रों तक पहुंचे। श्री उपाध्याय ने रामपुर, करवाढ़ारी, सेन्द्रीपाली, नोनबिर्रा के साथ-साथ आसपास के लगभग 10 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। हाथी प्रभावित क्षेत्र होने की जानकारी मिलने पर श्री उपाध्याय ने हाथियों से सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय पहले से ही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने वन विभाग की टीम द्वारा हाथियों के मूवमेंट की जानकारी रखने और आवश्यकता पड़ने पर हाथियों को दूसरी दिशा में भगाने के लिए वन विभाग की समितियों और ढोल पार्टियों को भी सजग करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर लायजनिंग अधिकारी एस. के.गौड़, तहसीलदार श्री मेरिया सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### दर्जनभर आईडी कार्ड से मतदाता कर सकते है मतदान

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार कोई भी मतदाता जिसका नाम मतदाता सूची में है वो अपना मताधिकार का प्रयोग एक दर्जन भर आईडी कार्ड को दिखाकर कर सकता है जो इस प्रकार है। मतदान पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, सर्विस पहचान पत्र, पासबुक, पैन कार्ड, स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, पेंशन दस्तावेज फोटो कॉपी, सरकारी पहचान पत्र एवं आधार कार्ड। इन आईडी के आधार पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में कल 23 अप्रैल को 7 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है, जिसमें करीब 1.27 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कोई भी मतदाता आईडी कार्ड के कारण मतदान करने से वंचित न हो इसे ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने दर्जनभर आईडी से मतदान करने हेतु निर्णय लेते हुए दिशा-निर्देश जारी किए है।

### अच्छे स्कूलों में बीपीएल परिवारों के बच्चों को प्रवेश 20 जून तक

जगदलपुर। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में बीपीएल परिवारों के बच्चों को 25 फीसदी सीटों पर प्रवेश देने के लिए कोशिश चल रही है और जिला शिक्षा अधिकारी एचआर सोम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रक्रिया अभी भी चल रही है और इस योजना के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जायेगा। अभी अभियान चल रहा है और प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जा रही है। इस अभियान के तहत 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथी थी, जिसमें बस्तर जिले के 153 स्कूलों में तय सीटों में 25 फीसदी सीटों पर गरीब परिवारों के बच्चों को प्रवेश दिया जाना है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जिले की स्कूलों में 2654 सीटें हैं, जिसके लिए 2749 आवेदन आए हैं, लेकिन कई आवेदन आधे-अधूरे और अपात्र होने के चलते छंटनी में ही बाहर हो जायेंगे और आवेदनों की संख्या कम हो जाएगी। जानकारी के अनुसार कई स्कूलों के लिए एक भी आवेदन पत्र प्रवेश के लिए नहीं आया है। ऐसे में अधिकांश स्कूलों की सीटें पूरी तरह भर भी नहीं पाएंगी। 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन के बाद इन आवेदनों की छंटनी 25 अप्रैल तक की जायेगी।

### सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक ने कुचला

महासमुंद। ग्राम पटेवा बस स्टैंड के पास शनिवार की शाम साढ़े 6 बजे सड़क पार कर रहे एक युवक को ट्रक ने रौंद दिया। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। वहीं ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफधारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक मोहम्मद नवी हुसैन पिता मोहम्मद हुसैन (35) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम को इरफान अंसारी आया था, जो मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीके 6014 से मौलाना को छोड़ने मदरसा पटेवा बिजली ऑफिस के सामने गया था। वापस आते समय बस स्टैंड के पास वह बाइक से सड़क पार कर रहा था, तभी ट्रक क्रमांक डब्लूबी 23 डी 6588 के चालक ने रौंद दिया। इससे इरफान अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई।


### 8 संदिग्धों के खिलाफ हुई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

जगदलपुर। सनसनी.शहर में शांति व्यवस्था बरकरार रखने कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाई करते हुए आठ संदिग्धों को रविवार-सोमवार की दरमियानी रात गिरफ्तार किया है, जिन पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाई की गयी है। जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी धनंजय सिंहा ने बताया कि रविवार-सोमवार की दरमियानी रात गश्त के दौरान कुम्हार पारा स्थित गैस गोदाम के पास आठ संदिग्ध युवक मिले जो पुलिस की वाहन को देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे और असामाजिक गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश में थे, जिन्हें पकड़कर गिरफ्तारी की गयी और प्रतिबंधात्मक कार्यवाई करते हुए धारा 151, 107, 116(3) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### जूट मिल में लगी भीषण आग,लाखों के बोरे जलकर राख

रायपुर। खमतराई क्षेत्र के भनपूरी में आज एक जूट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में आज भीषण आग लग जाने के कारण बड़ी मात्रा में बारदाना जलकर राख हो गया है। वहीं आग को बुझाने के लिये फायर ब्रिगेड की टीम अपने 4 गाड़ियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। आग लगने के कारण कंपनी में रखे लाखों रुपये का समान जल गया है। घटना स्थल पर पुलिस की टीम पहुंचकर आग लगने की कारणों का पता साजी कर रही है व आग में कितना नुकसान हुआ है यह आग बुझने के बाद ही पता चल सकेगा।

## चिटफंड मामले में धरमलाल कौशिक के बयान पर मुख्यमंत्री ने दी प्रतिक्रिया



रायपुर। चिटफंड कम्पनियों में रमन सिंह की भागीदारी के प्रमाण प्रस्तुत करने के धरमलाल कौशिक के बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए धरमलाल कौशिक से कुछ सवाल किया है तथा जवाब मांगा है। भूपेश बघेल ने पुछा है कि-विगत 10 वर्षो में राज्य में रमन सिंह के निर्देश पर कलेक्टरों द्वारा आयोजित शासकीय रोजगार मेलों में चिटफंड कंपनियों को आमंत्रित कर रमन सिंह, धरमलाल कौशिक, अभिषेक सिंह एवं भाजपा के अन्य पदाधिकारियों द्वारा भोले-भाले ग्रामीण युवकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये थे अथवा नहीं। भोले-भाले युवकों द्वारा राज्य के लाखों परिवारों के हजारों करोड़ रूपयें एकत्रित कर चिटफंड कंपनियों के खातों में जमा किये गये थे अथवा नहीं। सभी चिटफंड कंपनियां लाखों गरीब परिवारों की गाढ़े पसीने की कमाई लूटकर चिटफंड कंपनियां एक-एक करके रमन सिंह की छत्रछाया में फरार हुई की नहीं। लूट-पिटे हजारों निर्दोष एजेंट आपराधिक प्रकरणों का सामना कर रहे हैं अथवा नहीं। चिटफंड कंपनियों को रमन सिंह के संरक्षण के कारण ही वर्षो से ठगा रहे लाखों परिवारों को उनकी डूबी रकम में से एक रूपये भी वापस प्राप्त नहीं हो सकी यह सत्य है की नहीं।यदि छत्तीसगढ़ के लाखों परिवारों के साथ हुए इस घोर अन्याय के दोषी रमन सिंह, अभिषेक सिंह, और धरमलाल कौशिक नहीं हैं।

## भूपेश बघेल अपने 60 दिन के कार्यों पर वोट मांग रहे तो इसमें भाजपा को क्यों पीड़ा हो रही-कांग्रेस

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस अपने सरकार के 3 महिनों के जनहित के कार्यों पर वोट मांग रहे है तो इससे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष क्यों तिलमिला रहे है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा में इतना साहस नहीं है कि वह अपनी केन्द्र सरकार के 60 महिनों की कोई उपलब्धि जनता को बता सकें। भाजपा की मोदी सरकार ने पांच साल में कुछ ऐसा किया ही नहीं जो जनता को बता कर वोट अपील कर सकें। मोदी सरकार के खाते में वायदा खिलाफी और असफलता की लंबी फेहरिस्त है। इसीलिये पूरी भारतीय जनता पार्टी जनहित के मुद्दों को दफनाने में लगी है। भाजपा नेता, हर के खाते में 15 लाख आने के वायदे का जिक्र करने में डरते है। हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वायदे में भी मोदी सरकार विफल हुई। महंगाई कम करने का वायदा भी जुमला साबित हुआ, जो रसोई गैस कांग्रेस के मनमोहन सिंह सरकार के समय 400 रू. मिलता था मोदी सरकार में 1000 रू. प्रति सिलेंडर हो गया। पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे है। किसानों को लागत में 50 फीसदी मुनाफा जोड़ कर समर्थन मूल्य नहीं दे पाये। नोटबंदी और जीएसटी जैसी आपदा देश पर थोपकर मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था और व्यापार व्यवसाय को चौपट कर दिया। हजारों उद्योग बंद होने के कारण देशभर में लाखों लोगों के रोजगार चले गये। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यदि मतदाताओं से अपने 60 दिन के कार्यों को कसौटी पर परखने का अनुरोध कर मत देने का अपील कर रहे हैं, तो यह उनका अपने द्वारा किये गये कार्यों के प्रति आत्मविश्वास है। राज्य की जनता भी पिछले तीन महिने में कांग्रेस सरकार के द्वारा लिये गये जनहित के फैसलों को भली-भांति देख रही है। राज्य के किसानों ने कांग्रेस सरकार के राज में ऋण मुक्ति के अपने सपने को साकार होते देखा है।

## जिले के सभी मतदान केन्द्रों में बनेगा वोटर सेल्फी जोन

रायपुर। लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत मतदाताओं को प्रोत्साहित करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर 'वोटर सेल्फी जोन' स्थापित किए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. ने जिले के सभी मतदान केन्द्रों में वोटर सेल्फी जोन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से 25 उत्कृष्ट सेल्फियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में उन्हीं सेल्फियों को शामिल किया जाएगा, जो अपनी प्रविष्ठी मतदान के तीन दिनों के भीतर भेजेंगे।

मतदान केन्द्रों के बाहर बनाए गए वोटर सेल्फी जोन बनाए जाएंगे।

## राइस मिल हादसा : 22 घन्टे के रेस्क्यू के बाद निकाला गया 3 शव



दुर्ग। राइस मिल में रविवार हुए बड़े हादसे में दबे तीनों लोगों की मृत्यु हो चुकी है और तीनों का शव निकाल लिया गया है। ये हादसा धमधा रोड समोदा स्थित संत हरदास राइस मिल में हुआ था, जहां कल सुबह 11:30 बजे राइस मिल का ड्रायर गिर गया था। हादसे में राइस मिल के मालिक के बेटे सहित तीन लोग अंदर ही दब गये थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और एसडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंची और मजदूरों को बाहर निकालने में लगी हुई थी।

हादसे में राइस मिल के संचालक का बेटा रवि केशवानी(27), कर्मचारी उपेंद्र मुखिया(65), श्याम मेहता (24) वर्ष का शव बरामद कर लिया गया है। कल अचानक राइस मिल का ड्रायर गिरने से तीन लोग बुरी तरह से इसके नीचे दब गए थे। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम और पुलिस की टीम फसे लोगों को निकालने के प्रयास में लगी रही। घटना के 22 घण्टो के बाद तीनों का शव बरामद कर लिया गया। बता दें कि कल रात दो लोगों का शव निकाला गया था तीसरे का शव आज सुबह निकाला गया है।

## इस साल से बविवि में एमएससी एवं पीजीडीसीए की क्लासें होंगी शुरू

जगदलपुर। इस वर्ष से बस्तर विश्व विद्यालय यहां के विद्यार्थियों के लिए नये कोर्स की एमएससी सूचना व पीजीडीसीए के पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है और इनकी कक्षायें नियमित रूप से लगेंगी। इस प्रकार इन पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को रायपुर या अन्य स्थानों में नहीं जाना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार इस नए सत्र से विद्यार्थियों को दो नए कोर्स के अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी। यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्रों के लिए बीयू के अध्ययनशाला में पीजीडीसीए और एमएससी इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी का कोर्स शुरू करने जा रहा है।

## बसों के अधिग्रहित किए जाने से यात्री हो रहे परेशान

रायपुर। तीसरे चरण में कल 23 अप्रैल को सात लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान को लेकर थोक में बसों के अधिग्रहित किए जाने के कारण प्रदेश में बस यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के कारण बसों के अधिग्रहित किए जाने से लगातार बसों से सफर करने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। प्रदेश में 7 लोकसभा क्षेत्रों में कल 23 अप्रैल को तीसरा व अंतिम चरण का चुनाव होने जा रहा है। इसके लिए चुनाव सामग्री व मतदान दलों को मतदान केन्द्रों में पहुंचाने और लाने के लिए प्रदेश भर में सैकड़ों वाहनों का अधिग्रहित किया गया है। इनमें बड़ी संख्या में यात्री बसें भी है। यात्री बसों के अधिग्रहित किये जाने के कारण बसों में सफर करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस नहीं मिलने से यात्रियों को बसों के लिए भटकना पड़ रहा है। बस अगर मिल भी जाती है तो बसों की संख्या कम होने कारण उनमें खचाखच भीड़ देखी जा रही है। यात्री बसों में भेड़-बकरियों की तरह सफर करने में मजबूर हो रहे है। यहीं नहीं बसों में जगह नहीं मिलने के कारण कई यात्री तो ट्रेनों का भी सहारा ले रहे है, हालांकि रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में उन्हें दूसरे सवारी वाहनों का भी सहारा लेना पड़ रहा है।

## महिलाओं के लिए इंडस्ट्री में यह सबसे अच्छा दौर है: कृति सेनन

कृति सेनन हाल ही फिल्म लुका-छिपी में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आई थीं। फिल्म में कृति और कार्तिक आर्यन की जोड़ी काफी पसंद की गई। कृति सेनन ने 2014 में बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद से वह लगातार शोहरत की सीढ़ियां चढ़ रही हैं। हाल ही में करण जौहर की फिल्म कलंक का एक गाना रिलीज हुआ है जिसमें कृति सेनन का जलवा दिख रहा है। अब एक इंटरव्यू में कृति ने मेल ऐक्टर्स और फीमेल ऐक्टर्स को मिलने वाले पैसे में अंतर पर अपनी बात कही है।

कृति ने कहा कि उनका मानना है कि पैसे इस बात से तय होने चाहिए कि आप फिल्म के लिए कितनी मेहनत कर रहे हैं और आपकी फिल्में बॉक्स ऑफिस में कैसा प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि हालात कुछ बेहतर हुए हैं और महिलाओं को ठीक पैसे मिलने लगे हैं लेकिन अभी भी लंबी दूरी तय करना बाकी है।



कृति से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि इंडस्ट्री में महिला किरदारों के प्रति नजरिया बदला है।

## करिश्मा तन्ना के सेक्सी फोटो ने मचाया धमाल

टीवी जगत की जानी मानी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं. करिश्मा का हॉट और बोल्ड अवतार अक्सर इंटरनेट पर वायरल रहता हैं. एक बार फिर करिश्मा तन्ना का हॉट और सेक्सी अवतार फैंस को दीवाना बना रहा है. दरअसल करिश्मा तन्ना ने लेटेस्ट फोटो ब्लू कलर का सेक्सी गाउन पहना हुआ है. उनके हॉट लुक का अंदाज फैंस को इंस्टाग्राम पर काफी पसंद आ रहा है। करिश्मा तन्ना ने ब्लू गाउन के साथ न्यूड मेकअप कैरी किया हुआ है. न्यूड मेकअप में करिश्मा तन्न गजब की खूबसूरत लग रही हैं।



## मलयालम फिल्म एज्रा के रीमेक में नजर आयेंगे इमरान हाशमी

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी सुपरहिट मलयालम फिल्म एज्रा के हिंदी रीमेक में काम करते नजर आ सकते हैं।इमरान हाशमी इन दिनों एक के बाद एक कई प्रोजेक्ट साइन कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन के साथ एक मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म साइन करने के बाद अब इमरान हाशमी के हाथ एक और फिल्म लग गई है। चर्चा है कि इमरान हाशमी मलयालम सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म एज्रा के हिन्दी रीमेक में नजर आएंगे।

बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन जे कृष्णन करेंगे। वहीं इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, कृष्ण कुमार और अभिषेक पाठक द्वारा किया जाएगा। इस फिल्म की शूटिंग मुंबई और मॉरीशस में की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मलयालम फिल्म एज्रा वर्ष 2017 में रिलीज हुई थी। फिल्म टिकट खिड़की पर हिट साबित हुयी थी।

